## सार-समाचार

### इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**उदयपुरवाटी** ,(निसं)। शाकम्भरी रोड़ पर स्थित रीजनल गर्ल्स पीजी कॉलेज में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती डॉ. हेमलता सैनी की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक मनाई गई। मुख्य वक्ता सर्वोदयी कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद तंवर थे। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जीवन अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक था। उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था। इंदिरा गांधी ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण के साथ नई आर्थिक नीतियां बनाई, जिससे देश का चहुँमुखी विकास हुआ। मुख्य वक्ता बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा की इंदिरा गांधी ने देश में खाद्यान्न एवं दुग्ध व्यवस्था के लिए उनकी विशेष हरित क्रांति एवं श्वेत क्रांति जग जाहिर हैं। अंजू जांगिड़ ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश का सर्वांगीण विकास तो किया है, बल्कि शिक्षा सुधार के लिए भी उनके विशेष प्रयास रहे, उन्होंने मजबूत राष्ट्र की नींव रखी तथा देश को परमाणु ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। इस दौरान सुनील ढेनवाल, बाबूलाल शार्दूल, सुनील कुमावत, मुकेश कुमार सामोता, कान्हा राम सैनी सहित कई बालिकाएं उपस्थित रही।

### शादी में पेश की अनूठी मिसाल

**पिलानी** ।अक्सर आपने दहेज़ को लेकर बेटियों को प्रताड़ित करने के किस्से सुने होंगे। मगर आज हम आपको एक रूबरू करवाएंगे एक ऐसी शादी से। जिसमें न केवल दहेज को ससम्मान लौटाया गया। बल्कि लड़की के पिता द्वारा दी गई महंगी ब्रेजा कार को लौटते हए लड़की के पिता से कहा गया कि हमें दहेज नहीं बहू के रूप में बेटी चाहिए। जी हां, झुंझुनूं जिले के पिलानी ब्लॉक के भोबिया गांव के इंद्र सिंह शिल्ला ने अपने बेटे हितेश शिल्ला की शादी में मिले दहेज को वापस कर समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। उन्होंने तिलक समारोह के दौरान वधू पक्ष द्वारा दी गई ब्रेजा गाड़ी और 5.11 लाख रुपए की नकद राशि को ससम्मान लौटा दिया। इंद्र सिंह शिल्ला ने कहा कि हमें दहेज नहीं, बहू के रूप में बेटी चाहिए। दहेज के कारण बेटियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। हमें मिलकर इस प्रथा को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। आपको बता दें कि हितेश शिल्ला का विवाह 18 नवंबर को राष्ट्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थान आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी की बेटी अंजू गांधी के साथ संपन्न हुआ हैं। शादी की रस्मों के दौरान वधू पक्ष ने तिलक में नकद धनराशि और कार भेंट की थी। जिसे वर पक्ष ने विनम्रता से वापस लौटा दिया। तिलक समारोह में पिलानी विधायक पितराम सिंह काला, सेवानिवृत्त एडिशनल कमिश्नर जय सिंह मान, शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चंद सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने इंद्र सिंह शिल्ला के इस फैसले को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उनकी सराहना की। यह कदम समाज में व्याप्त दहेज प्रथा को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा संदेश देता है।

### शिविर का आयोजन किया

**झुंझुनूं**। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया एवं साथ ही कौमी एकता सप्ताह (19 नवंबर से 25 नवंबर) के आयोजन के प्रथम दिन 'राष्ट्रीय अखंडता दिवस' के रूप में मनाया गया। जिसके अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेविकों ने प्रभारी पिंकेश व अंजू की देखरेख में महाविद्यालय परिसर, लाइब्रेरी व कक्षा-कक्ष की साफ-सफाई की। साथ ही पेड़-पौधों की निराई गुड़ाई कर पानी दिया। संस्था सचिव इंजीनियर पीयूष ढूकिया ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को बताया कि राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए धार्मिक सहिष्णुता व भाईचारे की भावना अत्यंत आवश्यक है। जो इस प्रकार के शिविरों या कार्यक्रमों से युवाओं में जागृत की जाती है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानूं ने कौमी एकता सप्ताह के दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाओं से राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी पिंकेश, अंजू व समस्त स्टाफ सदस्य तथा स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

### विनायक वाटिका में पेयजल संकट

**सीकर**। चन्दपुरा ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाली विनायक वाटिका आवासीय कॉलोनी में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। विनायक वाटिका विकास समिति के मीडिया प्रभारी मुकेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलोनी की ट्ययूबवैल जो करीब 20 साल से ज्यादा पुरानी होने पर ट्ययूबवैल का जलस्तर काफी नीचे चला गया है जिसके कारण पीछले 5 माह से कॉलोनी में जल की आपूर्ति नहीं हो रही है जिससे पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है एवं कॉलोनीवासियों को मजबूरन माह में 4 से 5 टैंक पानी के मंगवाने पड़ रहे हैं। नई ट्ययूबवैल हेतु धोद विधायक को भी अवगत करा दिया गया है लेकिन अभी तक पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है।

### धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

**चूरू** (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर में रुकमानंद मंडावेवाला परिवार की ओर से धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। प्रमोद मंडावेवाला ने बताया कि इस मौके पर मंदिर की विशेष सजावट की गई तथा भगवान श्रीराम का भव्य श्रंगार किया गया। राजेश मंडावेवाला ने बताया कि भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गई। पुजारी पूसाराम ने पूजा-अर्चना करवाई।

### बच्चों ने रैली निकाली

**चूरू**, (कासं.)। महाप्रज्ञ अलंकरण दिवस के उपलक्ष पर एक जीवन विज्ञान को प्रमोट करने के लिए जीवन विज्ञान की पुस्तकों के साथ श्रीजैन सितंबर तेरापंथ विद्यालय के बच्चों ने रैली के माध्यम से जनमानस तक जीवन विज्ञान की प्रासंगिकता को दर्शाया। रैली का नेतृत्व अणुव्रत समिति की अध्यक्ष रचना कोठारी व विद्यालय प्राचार्य जगदीश जांगिड़, सांवरमल जांगिड़ व गार्ड ओमप्रकाश ने किया। रचना कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त कर जीवन विज्ञान की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

# बोलता बालाजी मंदिर का लोकार्पण किया



सीकर में माधव सागर तालाब पर स्थित प्राचीन बोलता बालाजी मंदिर का लोकार्पण रेवासा अग्रपीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज के सानिध्य में किया गया।

**सीकर** ,(निसं)। सीकर में माधव सागर तालाब पर स्थित प्राचीन बोलता बालाजी मंदिर का लोकार्पण रेवासा अग्रपीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सीकर विधायक राजेन्द्र पारीक, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, सीकर सांसद अमराराम, सभापति जीवण खां सहित शहर के प्रबुद्धजन मौजूद रहें।

उल्लेखनीय है कि इस प्राचीन बोलता बालाजी मंदिर का रिनोवेशन नगर परिषद की ओर से करवाया गया है। इस अवसर पर रेवासा पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज ने कहा कि सीकर में माधव सागर तालाब पर बना यह बहुत ही सुंदर मंदिर है। 7 सितंबर 2024 शनिवार को मंदिर का शिलान्यास किया गया तथा मंगलवार को लोकार्पण किया गया हैं दोनों ही दिन शास्त्रों के अनुसार शुभ है।

सीकर विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा कि इस मंदिर की नक्काशी श्रीराम मंदिर अयोध्या के तर्ज पर बंसी पहाड़ के लाल पत्थर से की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में परिषद की ओर से ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के तहत माधव सागर तालाब का रिनोवेशन करवाया गया है तथा तालाब की सीढ़ियों पर लाल पत्थर लगाया गया है। यहां पर बारिश से आने वाले पानी को डायवर्ट कर दूसरी ओर निकालने का प्रबंध किया गया है। प्राचीन माधव सागर तालाब के पास भव्य मंदिर बनने से यहां आने वाले श्रृदालुओं को धार्मिक कार्यों के लिए बेहतर स्थान मिल सकेगा और इससे शहर के सौंदर्यकरण व पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

विधायक पारीक ने बताया कि बोलता बालाजी धाम की मूर्ति 95 साल पुरानी है। जो अकाल राहत कार्य में तालाब खुदाई के दौरान निकली थी। अकाल के वक्त राव राजा ने आमजन को काम देने के लिए माधव सागर तालाब की खुदाई करवाई थी। खुदाई पूरी होने के बाद काम रोक दिया गया था। कामकाज की मॉनिटरिंग करने वाले बिलास तिवाड़ी महाराज तालाब के पास ही रहते थे। तालाब से उन्हें कुछ आवाजें सुनाई देती थी। उन्होंने राव राजा की अनुमति से तालाब की ओर खुदाई करवाई। खुदाई पूरी होने पर खुदाई में बालाजी की मूर्ति निकली। इसलिए मंदिर को बोलता बालाजी का नाम मिला। राव राजा माधव सिंह ने यहां छोटा मंदिर बनवाकर मूर्ति स्थापित करवाई। मंदिर में सेवा की जिम्मेदारी बिलास तिवाड़ी महाराज को दी गई।

कार्यक्रम में सीकर के पूर्व सांसद सुमेदानंद सरस्वती, पूर्व विधायक सीकर रतन लाल जलधारी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, पत्रकार तेजप्रकाश सैनी, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, महेश शर्मा,दिनेशगिरी महाराज, महाराज चन्द्रमादास, पवन मोदी, जिला परिषद सदस्य उर्मिला धायल, राधेश्याम पारीक,प्रदीप पारीक,राजेश सैनी सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## राउमावि का औचक निरीक्षण

**चूरू**, (कासं.)। चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने मंगलवार को चूरू के सहनाली छोटी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक का निरीक्षण कर निर्देश दिए तथा विद्यार्थियों से संवाद किया।

एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों का सह शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सवांर्गीण विकास करें। शिक्षण व्यवस्था के सुचारू संचालन के साथ विद्यार्थियों को खेलकूद सहित सहशैक्षिक गतिविधियों से जोड़ें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षक-छात्र गतिविधियों को बढावा दें और बच्चों को कैरियर के प्रति विद्यार्थियों को अवेयर करें। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक सांवत राम ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान नायब तहसीलदार महेंद्र गहलोत, अशोक कुमार माहिच, सुरेश कुमारी, हेम कंवर, प्रतिभा तेतरवाल, स्वाति लाटा, कुलश्रेष्ठ लांबा, विमला पंवार, अल्तीफ खान, परमेश्वर लाल, गजेंद्र महर्षि, मोहित सिंह, उम्मेद कंवर, तारामणि, सुभाष चंद्र, राजवीर सिंह, अंजना चौधरी, श्योपाल, निजी सहायक सुरेश कुमार सहित उपस्थित रहे।

## गायों को गुड्ड दलिया खिलाकर खानेश्वर महादेव गौशाला में मनाया जन्मदिन

**उदयपुरवाटी** । कस्बे के समीपवर्ती धनावता की सरहद में अवस्थित खानेश्वर धाम गौशाला में समाजसेवी सर्वोदय चिंतक एडवोकेट मोतीलाल सैनी का जन्मदिन समारोह पर्व मनाया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय केंद्र की संचालिका बीके सुनीता बहन थी तथा विशिष्ट अतिथि गायत्री परिवार के कार्यवाहक बजरंगलाल सोनी एवं बद्री प्रसाद तंवर थे।

बजरंगलाल सोनी के आचार्यत्व में गौ माता को गुड्ड दलिया खिलाकर उनकी पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन ने जन्मदिन को आत्मा का वार्षिक नवीनीकरण बताया तथा इस दिन को सद्गुण व्रत धारण करने की बेल भी कहा। सर्वोदय कार्यकर्ता बद्री प्रसाद तंवर ने इस अवसर पर मानव जीवन की गरिमा का बखान करते हुए कहा कि यह जीवन सब जीवों में सर्वोपरि ईश्वर का उपहार है, इसके प्रत्येक क्षण का सदुपयोग हो तथा सेवा कार्यों में इसका अधिक से अधिक उपयोग हो ऐसी धारणा बनानी चाहिए। भारतीय सनातन संस्कृति जोड़ने का काम करती है न की किसी को तोड़ने का, व्यक्ति को समाज एवं देश के हित में हमेशा अपना समय एवं धन लगाना चाहिए। भारतीय संस्कृति सर्वदा त्याग का संदेश देती है। इस अवसर पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने इस आयोजन एवं गौशाला की इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए उपस्थित सभी का आभार व्याख्या तथा अगले जन्म दिन तक समाज सेवा के कार्यों के लिए विशेष मुहिम चलाने का भी संकल्प लेकर सभी का धन्यवाद व्यापित किया। इस दौरान गौशाला के अध्यक्ष अमित जांगिड़, कैलाश चंद कटारिया, सरदार बुद्ध सिंह, सुनील तंवर, सुनील सैनी, महेश सिंगोदिया, अजय सैनी, गोपाल शर्मा, हरलाल सिंह तंवर, ताराचंद नांगल, वार्ड पंच सुनील शेरावत, अंकित तंवर, रामनिवास सैनी बगीची, अविनाश तंवर, रतनलाल टांक, ताराचंद सिंगोदिया, अभिषेक, दीपक जाखड़, कमलेश कुमार चिराना, सुमेरसिंह बबेरवाल, अजय जाखड़, अंकित सैनी सहित कई स्वयं सेवक मौजूद रहे।


## पुण्यतिथि मनाई

**रतनगढ़**,(निसं)। विधायक निवास पर मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी, पूर्व मंत्री स्व मास्टर भंवरलाल मेघवाल ओर पूर्व जिला प्रमुख स्व बनारसी मेघवाल जयंती विधायक पूसाराम गोदारा के नेतृत्व में मनाई गई। इस दौरान उपस्थित सभी ने तीनों के चित्र के आगे फूल चढ़ाकर उन्हें श्रदांजलि दी। कार्यक्रम में विधायक गोदारा ने कहा कि गांधी ने 20 सूत्री कार्यक्रम लागु कर देश में विकास के नए आयाम स्थापित किये थे। कार्यक्रम को पंडित महेश चंद्र पुरोहित, कांग्रेस देहात ब्लॉक अध्यक्ष भानीराम मेघवाल और पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा ने भी संबोधित किया। इस दौरान जैसलमेर पूर्व विधायक रूपाराम मेघवाल, संदीप भार्गव, चरण सिंह कोका, इलियास खान, सज्जन कुमार बाटड़, मोहनलाल महिया, ताराचंद, बजरंगलाल, अशोक, शंकर लाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीड़ित पक्ष को ब्याज सहित 9.57 लाख रूपये का अवार्ड पारित

**तारानगर**, (निसं)। तारानगर न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में पत्रावली पर आये साक्ष्यों के आधार पर पीड़ितों के पक्ष में 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित कुल 9.57 रूपये का अवार्ड पारित किया है पीड़ित पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि पुलिस थाना तारानगर में एफ.आई.आर. नम्बर 304/2014 वाहन मार्सल गाड़ी के चालक गुगनराम नायक निवासी शिमला के खिलाफ जुर्म धारा 279, 337, 338 भा.दं.सं. में दर्ज हुई थी कप्तानसिंह शराब ठेके पर सेल्मैन का कार्य करता था तथा मोटरसाइकिल सवार कप्तानसिंह व उसका भाई सुभाषचन्द्र निवासीगण सागड़ा तहसील भादरा जो तारानगर से ढिंढाल राजगढ़ जा रहे थे जब ओजरिया बस स्टेण्ड के पास पहुंचे तो मार्शल ड्राईवर गुगन ने गाड़ी को तेजगति व लापरवाही से चलाकर कप्तानसिंह के मोटरसाइकिल को टक्कर मारी जिससे कप्तानसिंह के गम्भीर चोटे आये चोट लगने ही तारानगर अस्पताल लेकर आये जहां हायर सेन्टर रेफर किया गया गायल कप्तानसिंह की ओर से न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जिसमें पत्रावली पर आये साक्ष्यों के आधार बीमा कम्पनी श्रीराम इंश्योरेंस कम्पनी के खिलाफ 9.57 लाख रूपये अवार्ड पारीत कर अप्रार्थीगण को अदा करने के आदेश पारित किये है।

# उप राष्ट्रपति आज चौथी बार भारत के भविष्य से होंगे रूबरू



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़

> काजड़ा के नवोदय विद्यालय में पढ़ने आते है देश के कोने-कोने से विद्यार्थी, इससे पहले बिट्स पिलानी और सैनिक स्कूल दोरासर के विद्यार्थियों से रूबरू हो चुके है उप राष्ट्रपति

**सूरजगढ़, ( निसं )**। झुंझुनूं जिले के किठाना निवासी जगदीप धनखड़ के महामहिम उप राष्ट्रपति बनने के बाद बुधवार को वे छठी बार अपने गृह जिले झुंझुनूं आएंगे। इस दौरे में भी खास बात यह है कि वे चौथी बार देश के उस भविष्य से रूबरू होंगे। जो आने वाले समय में देश की प्रगति और विकास में भागीदार बनेगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ काजड़ा स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में छात्रों से संवाद करेंगे। इससे पहले वे बिट्स पिलानी और सैनिक स्कूल दोरासर के विद्यार्थियों के अलावा खेतड़ी में स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा के शुभारंभ के मौके पर युवाओं से भी ऐसा संवाद कर चुके है। नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल संजय यादव ने बताया कि उप राष्ट्रपति दोपहर 12:20 मिनट पर जवाहर नवोदय स्कूल काजड़ा पहुंचेंगे। उप राष्ट्रपति धनखड़ लगभग 2 घंटे तक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। उप राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन और स्कूल प्रबंधन ने अपने स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली है। उप राष्ट्रपति का यह दौरा शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने और छात्रों को प्रेरित करने के लिए होगा।

**स्कूल पहुंचते ही पौधारोपण, संवाद के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम:-** स्कूल के प्रिंसिपल संजय यादव ने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्कूल पहुंचने के बाद उनका द्वार पर ही स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे एकेडमिक ब्लॉक में पौधारोपण करेंगे। इसके बाद संवाद कार्यक्रम रहेगा। जिसके तुरंत बाद देश की विभिन्न संस्कृतियों को समाहित करते हुए तीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए है।

**ये रहेगा उप राष्ट्रपति का मिनट टू मिनट कार्यक्रम, सूरजगढ़ भी ठहरेंगे 15 मिनट:-** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ सुबह 9:40 बजे दिल्ली स्थित अपने उप राष्ट्रपति आवास से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। इसके बाद वे दिल्ली एयरपोर्ट से जयपुर एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचेंगे। जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सुबह 10:50 बजे जयपुर एयरपोर्ट से बिट्स पिलानी के समीप स्थित हेलिपेड पर विशेष विमान से आएंगे। यहां से दोपहर 12 बजे सड़क मार्ग से जवाहर नवोदय विद्यालय काजड़ा के लिए रवाना होंगे। जहां पर वे करीब सवा घंटे विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद करेंगे। यह संवाद कार्यक्रम दोपहर एक बजकर 35 मिनट तक चलेगा।

इसके बाद काजड़ा से रवाना होकर वे सूरजगढ़ पहुंचेंगे। जहां पर वे अपने रिश्ते में भाई सुरेंद्र ठोलिया के पुत्र रवि ठोलिया के शादी समारोह के कार्यक्रम में पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, भाई आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन रणदीप धनखड़ के साथ शामिल होकर 15 मिनट रूकने के बाद वे दो बजकर 10 मिनट पर सूरजगढ़ से रवाना होकर दोपहर ढाई बजे पिलानी पहुंचेंगे।

## प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**चूरू**, (कासं.)। राजस्थान राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान महापुरा जयपुर के आदेशानुसार स्थानीय श्री राजकीय पूर्णानंद वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में तीन दिवसीय गै़र आवासीय योग आधारित प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोहपूर्वक हुआ। शिविर में दक्ष प्रशिक्षक जगदीश प्रसाद सैनी व राजबाला ने उपस्थित संभागियों को वङ्क्षासन, पवन मुक्तासन, ताड़ासन, मकरासन, कपालभाति, भ्रामरी, अनुलोम-प्रतिलोम, हलासन, मण्डुकासन, सूर्य नमस्कार सहित दर्जनों योगों और प्राणायामों की जानकारी देते हुवे अभ्यास करवाया। माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुवे समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य जनार्दन वेदांत शिरोमणी, विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार शर्मा, भागीरथ मील, विनोद कुमार शर्मा, महेश शर्मा, महेश कुमार महर्षि, सुभाष खुड़ीवाल, राम कुमार मंचस्थ अतिथि थे।

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों का माल, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर आचार्य शिरोमणी ने कहा कि योग दु:ख निवारण का सरल एवं सर्वश्रेष्ठ मार्ग है व जीवन जीने की कला है, जो आदि काल से लेकर वर्तमान तक दु:ख निवारण के लिए अतिमहत्वपूर्ण मार्ग है। प्रधानाचार्य चंद्रमोहन दायमा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुवे शिविर के माध्यम से प्राप्त योगों और प्राणायामों को विद्यालय में बच्चों के साथ अभ्यास करने का आव्हान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापिका राजेश्वरी देवी व सरोज शर्मा ने विद्यालय को 5-5 कुर्सियां भेंट की।


**कार्यालय नगरपालिका मंडल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अविनाश पुत्र श्री साहबराम जाति जाट साकिन वार्ड नं. 13 रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने ऑनलाईन आवेदन कर वार्ड नं. 13 रावतसर में अपने क्रयशुद्धा आवासीय भूखण्ड साईज 439.37 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा दिनांक 12.02.1993 को श्री हनुमान प्रसाद पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम से साईज 439.37 वर्गगज का जारीशुद्धा है। श्री हनुमान प्रसाद ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजिकृत बैयनामा दिनांक 20.05.2014 को श्रीमती सुरेश पत्नी श्री साहबराम जाति जाट साकिन रावतसर को बैचान कर दिया। श्रीमती सुरेश ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.09.2024 को श्री अविनाश पुत्र श्री साहबराम जाति जाट साकिन वार्ड नं. को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर**


# अपेक्षित प्रगति अर्जित कर आमजन को लाभ दें बैंक : सुराणा

> जिला कलक्टर मंगलवार को जिला परिषद सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामशर्दात्री समिति की बैठक

**चूरू**, (कासं.)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बैंक अधिकारियों से कहा है कि वे सक्रियता एवं सजगता के साथ कार्य करते हुए सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में अपेक्षित प्रगति अर्जित कर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें तथा समयबद्ध ढंग से विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण कर लोगों को राहत प्रदान करें। जिला कलक्टर मंगलवार को जिला परिषद सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामशर्दात्री समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एलडीएम अमर सिंह से कहा कि निरंतर और नियमित मॉनीटरिंग करें ताकि बैंकों की गतिविधियों में अपेक्षित सुधार हो और समुचित प्रगति आए। उन्होंने जिले के बैंकों को विभिन्न ऋण योजनाओं में प्राप्त आवेदनों को एक तय समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए और कहा कि बैंकर्स कस्टमर फ्रेंडली व्यवहार करें। जिन योजनाओं में टारगेट से अधिक काम कर सकते हैं, वहां और ज्यादा लोगों को लाभान्वित करें। उन्होंने पीएमईजीपी तथा पीएम विश्वकर्मा योजना का जिक्र करते हुए कहा कि ये सरकार की अत्यंत महत्त्वपूर्ण योजनाएं हैं, इन पर अधिक फोकस कर लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यमी प्रोत्साहन योजना में कम प्रगति पर असंतोष जाहिर किया और कहा कि संबंधित बैंक आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें और यह कोशिश करें कि अधिकतम लोग इस योजना में लाभान्वित हों। कलक्टर ने एलडीएम अमर सिंह से कहा कि राजीविका डीपीएम से संपर्क कर योग्य महिलाओं को बीसी अपॉइंट करवाएं ताकि लोगों को अधिक ढंग से बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने बताया कि राजीविका द्वारा डिजिटल सखी 2.0 कार्यक्रम चलाया जाकर ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, सााईबर फ्रॉड से बचने के उपायए यूपीआई ट्रांजेक्शनए चैट जीपीटी आदि की जानकारी दी जा रही है। महिलाएं आत्मनिर्भर होकर आजीविका गतिविधियों से जुड़ें, इसके लिए सभी बैंकर्स भी स्वयं सहायता समूहों का सहयोग करें। जिला कलक्टर ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक के रूप में जिले के राजगढ़ ब्लॉक का चयन किया गया है। सभी बैंक वहां सेच्युरेशन मॉड पर काम करें। राजगढ़ के ही 19 गांवों को धरती आबा कार्यक्रम से जोड़ा गया है, इसलिए वहां विशेष फोकस कर लोगों को लाभान्वित करें। जिला कलक्टर ने जन सुरक्षा योजनाओं पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई में कमजोर प्रगति पर बैंकर्स से कहा कि वे निरंतर मॉनीटरिंग कर अपने-अपने बैंकों की स्थिति सुधारें और अपेक्षित प्रगति अर्जित करें। जिला कलक्टर ने इस दौरान बैंकवार ऋण-जमा अनुपात की स्थिति, वार्षिक साख योजना अनुसार अर्जित उपलब्धियों, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, वित्तीय समावेशन एवं वित्ती जागरुकता, वसूली, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि योजना में बीमा पॉलिसी करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर रखी गई है। जो ऋणी किसान बीमा नहीं करवाना चाहतेए वे 24 दिसंबर तक इस आशय की सूचना अपने बैंक में दे सकते हैं। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि जो किसानों से डिक्लेयरेशन फॉर्म लेकर सही फसल ही दर्शाएं ताकि बाद में यह मिसमैच नहीं हो। उन्होंने बैंक खातों की सही सूचना के अभाव में पेंडिंग 7 करोड़ रुपए के क्लेम भुगतान को लेकर भी कहा कि बैंक में आनेवाले किसानों को सहयोग करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। आरबीआई के अग्रणी जिला अधिकारी अखिलेश कुमार तिवारी ने बैंक कॉरेस्पोंडेंट की गतिविधियों की समुतिच मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए तथा खातों में अवैध धन हस्तांतरित करने के प्रकरणों पर समुचित कार्यवाही तथा दो हजार के नोट को बदलवाने के बारे में जानकारी प्रदान की। नाबार्ड डीडीएम जीएल निर्वाण ने नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। एलडीएम अमर सिंह ने विभिन्न बैंकों द्वारा अर्जित प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान एसीईओ दुर्गा ढाका, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, गहनोलिया, महिला के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, नौरंगलाल सीलू सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

## टक्कर मारकर गेट और दीवार तोड़ी

**गुढ़ागौड़जी** । थाना इलाके के जैतपुरा गांव में बीती रात को गांव के ही कुछ युवकों ने एक मकान का गेट और दीवार तोड़कर दहशत फैलाई। हांसलसर के बाद गुढ़ागौड़जी थाना इलाके में दहशत फैलाने की चार दिन में यह दूसरी घटना है। जानकारी के मुताबिक बीती रात को गांव से एक बारात नवलगढ़ के बारवा के समीप खोजावास गांव गई थी। बारात में गांव के सुनिल, राजू और बिहारी भी गए थे। इस दौरान बातों ही बातों में राजू और बिहारी के बीच कहासुनी हो गई। सुनिल राजू के साथ मौजूद था। कहासुनी के बाद सुनिल और राजू बारात से वापिस गांव आ गए। देर रात को सुनिल ने बिहारी को फोन किया और पूछा कि वह कहां पर है। जिस पर बिहारी ने बताया कि वह घर आ गया। जबकि बिहारी बारात में ही मौजूद था। बिहारी की मां बिमला देवी ने आरोप लगाया है कि सुनिल और राजू अपने साथियों के साथ उसके मकान पर आए। जिन्होंने कैंपर की टक्कर से मकान का गेट तोड़ा। जिससे गेट और दीवार दोनों टूट गई। इस दौरान आरोपियों ने घर में रखी नगदी और गहने लूट लिए और बिहारी की मां बिमला के शोर मचाने पर उसके गले पर चाकू लगाकर जान से मारने की धमकी दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कनवारी, पंचायत समिति रतनगढ़, जिला चूरू**

क्रमांक :- 114-118 दिनांक :- 19.11.2024

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त ग्राम कनवारी तथा चारणवासी के कैप 2.0 एवं प्रापॅर्टी id की सूची आमजन के अवलोकनार्थ आम गुवाड़ एवं पंचायत कार्यालय पर चस्पा कर दी गई है।

उक्त मैप 2.0 एवं प्रॉपर्टी id सूची के संबंध में किसी को कोई भी आपत्ति हो, तो आपत्ति नोटिस जारी दिनांक से 7 दिन के अंदर कार्यालय समय में मय दस्तावेज व्यक्तिश उपस्थित होकर या डाक द्वारा आपत्ति दर्ज करवा सकते है। आपत्ति दर्ज करवाने की अवधि निकल जाने के पश्वात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

यह नोटिस कार्यालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19.11.2024 को जारी किया गया।

| | |
|---|---|
| ग्राम विकास अधिकारी<br>ग्राम पंचायत कनवारी<br>पंचायत समित, रतनगढ़ | हनुमानाराम<br>सरपंच<br>ग्राम पंचायत कनवारी<br>पंचायत समित, रतनगढ़ |

## संक्षिप्त

### श्रद्धांजलि अर्पित कर किया याद

**रतनगढ़,**(निसं)। स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी और महान स्वाधीनता सेनानी महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती संगठन महामंत्री उम्मीद सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने दोनों महान नेत्रियों के चित्रों पर पुष्पांजलि से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राठौड़ ने इंदिरा गांधी के भारत को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को याद कर उन्हें आधुनिक भारत की निर्माता बताया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत ने महारानी लक्ष्मी बाई को भारत की ही नहीं विश्व स्तरीय अप्रतिम योद्धा बताया। कार्यक्रम में के डी पठान,राजेश गहलोत, जसकरण गौड़,वैद्य त्र्यंबक शर्मा,वेद प्रकाश पंवार, जाकिर हुसैन,राकेश पंवार,अयूब खान,अनिल सियोता,अमन,नौरतमल कोचर,मो. हारून खत्री आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन मोहम्मद अनवर कुरैशी ने किया।

### 11 लाख 79 हजार रुपये जप्त

**रतनगढ़,**(निसं)। पुलिस ने सोमवार रात नाकाबंदी के दौरान एक कार से 11 लाख 79 हजार रुपये जप्त किये है। पुलिस ने बताया की सोमवार रात एएसआई रामनिवास ने मय जपता मेगा हाइवे पर आईटीआई तिराहे के पास नाकाबंदी कर रखी थी। रात करीब साढ़े 9 बजे सरदारशहर की साइड से एक कार नम्बर एच आर 40 जी 6237 कार आई जिसमे करनाल हरियाणा निवासी देवेंद्र कुमार व रामपाल सवार थे। पुलिस ने कार की तलाशी लेने की कोशिश की तो दोनो ने विरोध किया। उसके बाद पुलिस ने दोनो को डिटेन कर कार की तलाशी ली तो कार में एक बैग में 11 लाख 79 हजार नगद मिले। नगद राशि के बारे में पूछताछ करने पर आरोपियों ने सन्तोसजनक जवाब नही दिया।

### मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**रतनगढ़,**(निसं)। पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियारों से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहसील के गांव पाबूसर निवासी 22 वर्षीय सुरेन्द्रसिंह पुत्र भवानीसिंह राजपूत ने मंगलवार को थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि परिवादी सुरेन्द्र सिंह ने अस्पताल में पर्चा बयान में बताया कि गांव के ही आरोपी सोनुसिंह राठौड़ पुत्र भवानीसिंह राठौड़, प्रेमसिंह पुत्र गोपलसिंह राठौड़ व सुनिलसिंह पुत्र भवानीसिंह राठौड़ ने पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार सुबह खेत से घर आते समय उसके साथ धारदार हथियारों से मारपीट की। मारपीट के दौरान शोर मचाने पर गांव के ही अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उसे छुड़वाया।

### ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री नागर सीकर आएंगे

**सीकर** । ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर 22 नवम्बर 2024 (शुक्रवार) को सीकर आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राज्यमंत्री नागर जयपुर से प्रातः 10 बजे प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा 12 बजे विद्युत विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री नागर सायं 4 बजे सीकर से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### कार्मिकों का प्रशिक्षण बुधवार को

**झुंझुनूं** । विधानसभा उप चुनाव की मतगणना के लिए ईटीपीबीएमएस की प्री काउंटिग के कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों का प्रशिक्षण 20 नवंबर को सुबह 11 बजे सूचना केंद्र सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में डीओआईटी के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल एवं उप निदेशक दीपा राणासरिया मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण देंगे।

### 'विप्र कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन करें सरकार'

**झुंझुनू** । सनातन धर्म उत्थान समिति के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेश बसावतिया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर मांग की है कि विप्र कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन करने की मांग की है। अपने पत्र में बसावतिया ने कहा है कि जब अन्य समाज के बोर्ड का पुनर्गठन हो चुका है तो विप्र कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने आगे कहा है कि विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर ऐसे व्यक्ति का मनोनयन करें जो विप्र समाज के लिए समर्पित हो।

# जिला निष्पादन समिति एवं मिड-डे मील योजना की बैठक

**सीकर, ( निसं )** । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति, मिड-डे मील,राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम योजना, जिला निष्पादन समिति साक्षरता की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर शर्मा ने सरकारी स्कूलों में बने शौचालयों, चारदीवारी, खेल मैदान, आधार एवं जन आधार नामांकन की विस्तार से समीक्षा कर आधार एवं जनआधार के मध्य की त्रुटि को कार्य योजना बनाकर दूर करने के निर्देश दिए ताकि स्कूली बच्चों को समय पर डीबीटी और स्कॉलरशिप मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय ग्राम पंचायत से समन्वय स्थापित कर सरकारी स्कूलों के भवनों से वर्षा जल का संग्रहण करें।उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत मिड डे मील पोषाहार वितरण किया जाना सुनिश्चित करें।उन्होंने जिले में समस्त विद्यालयों में मिड डे मील से संबंधित समस्त रिकार्ड जिसमें मिड डे मील रजिस्टर, दैनिक उपस्थिति डायरी एवं मिड डे मील उपयोगिता प्रपत्र समान प्रक्रिया में संधारण करने के निर्देश दिए। साथ ही वे विभाग की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने में विश्वास रखें।इस दौरान उन्होंने कहा कि



जिला निष्पादन समिति साक्षरता की बैठक आयोजित की गई।

■ बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

पूर्व में ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग को दी गई आधार मशीन विभाग वापस जमा नही करवाने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा की धाराओं के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने मिड डे मील वितरक को समय पर पोषाहार वितरण करने, सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने, उड़ान योजना के तहत सेनेटरी नैपकिन का वितरण करने, बाल वाहिनियों में सड़क सुरक्षा नियमों की पालना सुनिश्चित करने, कार्ययोजना बनाकर वर्षा जल संग्रहण संरचनाओ का निर्माण करने के निर्देश दिए।

## किचन गार्डनिंग के लिए वितरित किए किट

**सीकर** । जिला परियोजना प्रबंधन इकाई राजीविका सीकर द्वारा महिला सशक्तिकरण और पोषण सुरक्षा की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए एसएचजी (स्वयं सहायता समूह) की महिलाओं के लिए किचन गार्डनिंग किट वितरित किए गए।इस पहल के तहत कुल 4500 किचन गार्डनिंग किट एसएचजी महिलाओं को प्रदान किए जाएंगे। इन किटों की खरीदारी रामगढ़ उत्कर्ष महिला एफ.पी.ओ. द्वारा राष्ट्रीय बीज निगम से की गई है।

जिला परियोजना प्रबंधक अर्चना मौर्य ने बताया कि किचन गार्डनिंग से महिलाओं को अपने परिवार के लिए ताजा और जैविक सब्जियां उगाने में मदद मिलेगी, साथ ही इससे उनके आर्थिक और स्वास्थ्य स्तर में भी सुधार होगा। राजीविका का यह प्रयास न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि सतत विकास की दिशा में समुदायों को भी जोड़ रहा है।

# जिले के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पाटन** । टोंक जिले के देवली-उनियारा में पिछले दिनों हुए उपचुनाव के दौरान थप्पड़ कांड मामले की मीडिया कवरेज कर रहे दो पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में सोमवार को नीमकाथाना पत्रकार समिति (रजि) के बैनर तले पत्रकारों की ओर से मुख्यमंत्री, गृहमंत्री एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि देवली-उनियारा में उपचुनाव के दौरान मीडिया कवरेज कर रहे पत्रकार अजीतसिंह शेखावत और कैमरामैन धर्मेंद्र कुमार पर उपद्रवियों ने जानलेवा हमला किया और उनके कैमरे तोड़ दिए गए। इस घटना से नीमकाथाना पत्रकार समिति के पत्रकारों सहित संपूर्ण जिले के पत्रकारों में काफी आक्रोश है। देश में पिछले कई वर्षों से लगातार पत्रकारों के साथ ऐसी घटनाएं सामने आ रही है जो बड़ी चिंता का विषय है। देश के संविधान में चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया पर आज लगातार हमले हो रहे हैं, जिससे पत्रकार आज अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वह आज निष्पक्ष रूप से अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर पा रहे हैं और उनमें भय का माहौल बना हुआ है।



गृहमंत्री एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा

इसी तरह की घटना एक बार फिर देवली-उनियारा के उपचुनाव के दौरान सामने आई है।

जहां पर कवरेज कर रहे दो पत्रकारों पर उपद्रवियों के जनसमूह ने जानलेवा हमला कर उनके कमरे तोड़े दिए। इसलिए नीमकाथाना पत्रकार समिति इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है, इसके साथ ही मांग करती है कि मामले के आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि मीडिया पर हो रहे हमलों पर अंकुश लगाया जा सके।

घटना में घायल हुए पत्रकारों को सरकार की ओर से उचित मुआवजा दिया जाए। इस दौरान समिति संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार हरिकिशन सिंह राव, अशोक स्वामी, इंद्राज योगी, उमेश शर्मा, सदाम हुसैन, सुरेश यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# 'जनकल्याणकारी कार्यों का लाभ पहुंचाने में आकाशवाणी की अहम भूमिका'

**चूरू,** (कासं.)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित आकाशवाणी केन्द्र पहुंचे और केन्द्र की व्यवस्थाएं देखीं और आकाशवाणी कार्यक्रम में वार्ता की। इस अवसर पर सुराणा ने कहा कि आमजन को सरकार की रीति-नीतियों के साथ जनकल्याणकारी कार्यों का लाभ पहुंचाने में आकशवाणी की अहम भूमिका है।,

मीडिया व जनसंचार माध्यमों में आकाशवाणी की भूमिका बहुत बड़े सहयोगी की रही है। आज जनसंचार माध्यमों का विस्तार हुआ है। आजाद भारत के समय प्रिंट मीडिया के बाद जनसंचार माध्यमों के विस्तार में आकाशवाणी का उदय हुआ और माध्यमों की सीमितता के युग में आकाशवाणी ने अपने प्रभाव से भारतवर्ष को एक राग में जोड़ा। सुराणा ने कहा कि दूरस्थ गांवों तक आकाशवाणी की पहुंच ने आज का विकसित समाज हमें दिया है। आकाशवाणी पर प्रसारित कार्यक्रमों से शिक्षा व सामाजिक विकास का परिदृश्य बदला। हम अपनी समृद्ध विरासत व परपंराओं का हस्तांतरण देश के प्रत्येक कोने तक कर पाए और यह सिर्फ

■ कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया आकाशवाणी केन्द्र का निरीक्षण

आकाशवाणी के समन्वय से संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि प्रसारित कार्यक्रमों में नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करें। नई गतिविधियों का प्रसारण हो तथा युवाओं को संयोजित करें। युवाओं के तकनीकी व बौद्धिक ज्ञान का उपयोग लें और नई पीढ़ी तक जनसंचार के महत्व का संचार करें। वार्ता के दौरान सुराणा ने जिला प्रशासन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों व विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों के सहयोग से आमजन को बेहतर व्यवस्थाएं एवं सुशासन देने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए हमारा प्रयास है हम पहले से चले आ रहे अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाएं। जिला कलक्टर का पदभार ग्रहण करने के बाद यहां के भौगोलिक और सांस्कृतिक वातावरण को समझा है। चूरू जिला संस्कृति व विरासत के साथ काफी समृद्ध है। जिला प्रशासन इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए नए प्रोजेक्ट्स पर विचार कर रहा है। सभी के सहयोग से 'चोखो चूरू' की परिकल्पना को सार्थक करेंगे। जिला कलेक्टर सुराणा ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए कहा कि बढ़ता प्रदूषण हर एक व्यक्ति के लिए खतरा साबित होने वाला है। सामूहिक प्रयासों से ही हम हमारे शहर व गांव को साफ-सुथरा रख पाएंगे। इसके लिए नगर निकायों एवं पंचायत से कॉर्डिनेशन जारी है और लापरवाही बरतने वालों से समझाइश भी की जा रही है। इसके बाद संबंधित पर कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। हमारा प्रयास है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में चूरू को टॉप 100 सिटीज में शामिल करवाया जाए। चूरू की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए अत्यधिक सर्दी एवं लू के मौसम से आमजन के बचाव व जागरूकता के लिए भी प्रशासन की तरफ से कार्य योजना तैयार की जा रही है।

आकाशवाणी केंद्र पहुंचने पर सहायक केंद्र निदेशक कमलेश मीणा, कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार हलकिया व निरंजन कुमार शर्मा सहित स्टाफ के सदस्यों ने जिला कलक्टर का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## यूडीएच मंत्री खर्रा का वाल्मिकी समाज ने किया स्वागत

**सीकर,** (निसं)। वाल्मिकी समाज के नागरिकों ने स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा का सम्मान मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में किया। मंत्री खर्रा का समाज के लोगों ने फूल मालाओं व गुलदस्ता देकर सम्मान किया। राजस्थान में नगरीय निकायों में सफाईकर्मियों की भर्ती निकालने सहित वाल्मिकी समाज के उत्थान के लिए राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा किये गये कार्यों के लिए मंत्री खर्रा का सम्मान किया।

समारोह में बोलते हुए यूडीएच मंत्री झाबरङ्कूषसह खर्रा ने कहा कि राजस्थान में सफाई कर्मचारियों की भर्ती बिल्कुल पारदर्शी तरीके से की जाएगी। कहा कि गत कांग्रेस सरकार के समय हुई भर्ती में गड़बड़ी करने वाले लोगों को सरकार ने गिरफ्तार भी किया है। कहा कि भर्ती के नियमों में संशोधन के लिए वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर बात करेंगे। कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार वाल्मिकी समाज के उत्थान के लिए सदैव तत्पर है।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने निकायों में सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकालकर वाल्मिकी समाज के लोगों को रोजगार देने का काम किया है। कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वाल्मिकी समाज के लोगों के साथ भेदभाव किया है। जबकि भाजपा सरकार ने समाज के लोगों के उत्थान व रोजगार देने का काम किया है।

सफाई कर्मचारी वंचित लोकमंच के प्रदेश उपाध्यक्ष ने मंत्री खर्रा को अवगत कराया कि वाल्मिकी समाज के लोगों को भर्ती में फार्म भरने के लिए अनुभव प्रमाण पत्र के भटकना पड़ रहा है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले वाल्मिकी समाज के लोग अधिक प्रभावित है। बताया कि जाति प्रमाण पत्र के अनुसार भर्ती का फार्म भरवाया जाए।

जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर इनका समाधान करवाने का आश्वासन दिया।इस दौरान जिला महामंत्री डॉ. बलवंत सिंह चिराणा, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, जिला मंत्री जगदीश कुमावत, वरिष्ठ भाजपा नेता तेजप्रकाश सैनी, डॉ. बीएल रणवां, विष्णु दीक्षित, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, प्रतीक माटोलिया, विजयपाल खीचड़, सुरेश कटारिया, लक्ष्मण सिंह निर्वाण, राजेश ढ़िकिया, मनोज ढ़िकिया, अमित ढ़िकिया, महेश, प्रवीण, राजेश सहित वाल्मिकी समाज के लोग मौजूद रहे।

# झुंझुनूं में तीन दिन के दौरे पर रहेंगे के.के गुप्ता

**झुंझुनूं,** (निसं) । स्थायी एवं अनवरत लोक अदालत झुंझुनूं द्वारा नियुक्त न्याय मित्र एवं समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार केके गुप्ता बुधवार से तीन दिन के दौरे पर झुंझुनूं रहेंगे। वे यहां पर लोक अदालत के आदेशों पर झुंझुनूं नगर परिषद, नवलगढ़ व मंडावा निकायों का निरीक्षण करेंगे। केके गुप्ता ने बताया कि माननीय न्यायालय में तीनों निकायों को लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। इसलिए यह दौरा काफी महत्वपूर्ण रहेगा।

उन्होंने तीनों निकायों के आयुक्त व अधिशाषी अधिकारियों को भी स्वचछता के 18 बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार रखने के निर्देश दिए है। साथ ही गुप्ता स्वयं भी तीन दिन झुंझुनूं जिले में रहकर निकायों की रिपोर्ट को धरातल पर पहुंचकर चैक करेंगे। आपको बता दें कि केके गुप्ता तीनों निकायों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, सड़कों पर अतिक्रमणों की स्थिति, नाइट स्विपिंग, सड़कों पर बेसहारा जानवरों की स्थिति, सड़कों की स्थिति, सड़कों पर लाइटिंग, कचरा यार्ड, सड़कों पर पानी भराव, प्लास्टिक पर प्रतिबंध की स्थिति, वार्डों में सफाई, हवेलियों का जीर्णोद्धार, सार्वजनिक टॉयलेटों में दिन के समय सफाई, गलियों की रोड लाइटें, शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, दीवारों की सफाई, पेटिंग व अन्य कार्य को लेकर निरीक्षण भी करेंगे और बिंदूवार रिपोर्ट भी प्राप्त करेंगे।



न्याय मित्र के.के गुप्ता

इधर, न्याय मित्र केके गुप्ता के आने से पहले नगर परिषद की टीम हरकत में आई। नगर परिषद की ओर से मंगलवार को अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। टीम ने पीरू सिंह सर्किल से लेकर रेलवे स्टेशन तक दुकानदारों और सब्जी ठेले वालों की ओर से बाहर की ओर रखे गए रखे तख्त, लकड़ी की बेंच, तिरपाल आदि सामान को हटवाया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने टीम को देखकर बाहर रखा सामान अंदर रख लिया। एक्सईएन वेदपाल गोदारा ने बताया कि रेगुलर एक्टिविटी के तहत कार्रवाई की गई है।

■ अंतिम रिपोर्ट पेश करने से पहले तीन दिन का दौरा रहेगा महत्वपूर्ण

पीरू सिंह सर्किल से रेलवे स्टेशन अस्थाई अतिक्रमण को हटाया है। इसके साथ ही दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने हिदायत दी है। दरअसल, रेलवे स्टेशन से पीरू सिंह सर्किल तक दुकानदारों और रेहडी ठेले वालों की ओर से अस्थाई अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति रहती है।

## कलेक्टर को सौंपा सी.एम.के ज्ञापन

**झुंझुनूं,** । आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेशध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा एवं आदिवासी मीणा सेवा संस्थान झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष दिलीप मीणा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर रामवतार मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में लिखा है 13 नवंबर को समारवता गांव में पुलिस प्रशासन के द्वारा निर्दोष ग्रामीणों के साथ जिस घटना को अंजाम दिया है। जिसको लेकर प्रदेश भर में आंदोलन चल रहे हैं। सुरेश मीणा किशोरपुरा ने कहा कि नरेश मीणा पर एकतरफा कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव की महिलाओं बुजूर्गों और मासूम बच्चों पर लाठीचार्ज किया है। वो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे प्रदेश में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। प्रशासन की लापरवाही से प्रदेश में सरकार की काफी बदनामी हुई हैं। मीणा ने कहा कि सरकार समारवता गांव में नुकसान का मुआवजा दें। समारवता गांव को उनियारा विधानसभा में जोड़ा जाए। गांव में हिंसा के जिम्मेदार अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए। सभी फर्जी केस वापिस लिए जाए। नरेश मीणा सहित अन्य सभी युवाओं को तत्काल प्रभाव से रिहा किया जाए।

## सार-समाचार

### विकास कार्यों को गिनाया : पायल

**चूरू,** (कासं.)। नगर परिषद चूरू में कांग्रेस बोर्ड के 5 वर्ष पूर्ण होने पर सभापति पायल सैनी ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय मण्डेलिया हाउस में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान सभापति पायल सैनी ने अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को गिनाया। इस मौके पर बीसूका के पूर्व जिला उपाध्यक्ष आसाराम सैनी, पंचायत समिति चूरू के नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र बुडानिया, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर धांधू, अंबेडकर संघ के अध्यक्ष सीताराम खटीक तथा नगर परिषद चूरू के पार्षदगण उपस्थित थे। सभापति पायल सैनी ने कहा कि उनका कार्यकाल पूरा हुआ है, सपने अभी पूरे नहीं हुए हैं। सैनी ने कहा कि वे आमजन की सेवा करती रहेंगी। पायल सैनी ने विधायक हरलाल सहारण से कहा कि वे कार्य को गति प्रदान करें। पायल सैनी ने कांग्रेस नेता रफीक मण्डेलिया की काफी सराहना की।

### स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ़** ,(निसं)। स्थानीय टाउन हॉल मे मंगलवार को राष्ट्रीय मेघवाल समाज महासंघ की चूरू जिले की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम महासंघ के चूरू जिलाध्यक्ष गिरधारी कांटीवाल की अध्यक्षता में एंव महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसलमेर से पूर्व विधायक रुपाराम मेघवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भजनलाल रोलण, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व प्रधान संतोष तालणिया, आलसर सरपंच भानीराम मेघवाल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल, बसपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश खेजड़ा, उपाध्यक्ष शंकर लाल मेघवाल, हनुमान छाबड़ी, रमेश कुमार परिहार देवानी, खींवा राम छाबड़ी, सरपंच कृष्ण मेघवाल, सरपंच देवीलाल मेघवाल, सांडवा सरपंच संजय मेघवाल, मलसीसर सरपंच मुकेश मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष किशोर कुमार, रमेश विराट,आदुराम मेघवाल, पूर्व सरपंच मांगीलाल मेघवाल, शिवपाल पंवार, विक्रम चायल, पूर्व सरपंच रामकरण मेघवाल, सीमसिया सरपंच परमेश्वर मेघवाल मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम में नवगठित चूरू जिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### सर्दी की वजह से बच्चे को रही बिमारी

**झुंझुनूं** । जिले में सर्दी के बढ़े असर के बाद मौसमी बीमारियों ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। खांसी, जुखाम, बुखार के मरीजों में एकाएक इजाफा हुआ। बदलते मौसम से बच्चे सबसे ज्यादा चपेट में आ रहे हैं। बच्चों में खांसी व जुकाम व बुखार की शिकायत आ रही है। बीडीके अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। अधिकतर मरीज वायरल की चपेट में हैं। राजकीय बीडीके अस्पताल की ओपीडी में काफी इजाफा हुआ है। मौसमी बीमारियों का जोर अब लगातार बढ़ रहा है। खासकर इन दिनों वायरल के मरीज अस्पताल आ रहे हैं। बदलते मौसम के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। आउटडोर में मरीजों की संख्या दो हजार पार पहुंच गई है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया ने बताया कि मौसम का सबसे ज्यादा असर भी बच्चों पर ही पड़ता है। बीडीके अस्पताल की शिशु इकाई में खांसी-जुकाम व बुखार के निमोनिया के रोगियों की संख्या काफी बढ़ी है। अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में इन लक्षणों से पीड़ित शिशु उपचार के लिए आ रहे हैं।

### पुस्तक का विमोचन किया

**सीकर** । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने मंगलवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, मेई की आठवीं कक्षा की चार होनहार छात्राओं द्वारा लिखित पुस्तक ''नन्हे कदम'' का विमोचन किया। यह पुस्तक न केवल इन छात्राओं की रचनात्मक सोच का परिचायक है, बल्कि समाज के सामने युवाओं के लेखन कौशल को बढ़ावा देने की मिसाल भी पेश करती है।इस प्रेरणादायक पहल को साकार करने में स्वस्ति फाउंडेशन और डाइट सीकर की व्याख्याता नीतू सैन का विशेष योगदान रहा। इस पुस्तक में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मेंई की छात्राएं एवं युवा लेखिकाएं अमशा शेखावत, वर्षा कंवर, रितु वर्मा और तनु मीणा ने अपनी अद्भुत कहानियों और कविताओं के माध्यम से पाठकों के दिलों को छूने का प्रयास किया ।

### समीक्षा बैठक आयोजित

**सीकर** । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता मेंमंगलवार को जल जीवन मिशन एवं विश्व शौचालय दिवस के संबंध में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।प्रशिक्षण में जिला स्तरीय अधिकारी एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों धोद, दांतारामगढ़, पिपराली, लक्ष्मणगढ, नेछवा, फतेहपुर, खण्डेला, पलसाना, ब्लाक के अधिकारियों को प्रशक्षिण दिया गया। प्रशिक्षण की थीम ''जल बजट निर्माण एंव क्षमतावर्धन आधारित कार्य योजनांए विकसित करना'' पर आधारित रही।

### विधायक का जन्मदिन मनाया

**नवलगढ़** । विधायक विक्रम सिंह जाखल के जन्म दिवस के मौके पर बुधवार सुबह से देर रात्रि तक सैंकड़ों धार्मिक कार्यक्रम व केक काटा जाएगा। तो वहीं दूध महोत्सव, तो कहीं गायों की सेवा की जाएगी। शाम को रामदेवरा चौक में भजन सम्राट प्रकाशदास जी महाराज व दिनेशगिरी जी महाराज के सानिध्य में विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी। भजन संध्या में नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग भाग लेंगे और जन्मदिन की बधाइयां देंगे। कार्यक्रम को लेकर विशाल पांडाल सजाया गया। वहीं शाम को प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

### जन सुनवाई 21 नवम्बर को

**सीकर** । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान किये जाने के लिए जिला स्तर पर जनसुनवाई एवं समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए 21 नवम्बर 2024 गुरूवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जावेगी।

## भू माफियाओं ने धोखे से दलित परिवार की जमीन हड़पी

**तारानगर, ( निसं )**। तारानगर में भू माफियाओं का जाल दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। कस्बे के ही एक दलित परिवार की महिला ने भाजपा के पूर्व पार्षद रहे देवेन्द्र शर्मा उर्फ पप्पू के बेटे सुशील शर्मा व ठेकेदार प्रेम कुमार बेनीवाल सहित 8 व्यक्तियों के खिलाफ धोखा कर जमीन हड़पने के आरोप लगाया तो वहीं जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौच करने व लज्जा भंग करने का भी आरोप लगाया है।

पीड़िता ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया कि रोही मिखाला, तारानगर में हमारी कृषि भूमि है, मेरा पति वृद्ध, बीमार व अनपढ़ व्यक्ति है जिसकी मानसिक स्थित काफी कमजोर है जिसको प्रेमकुमार बेनीवाल पुत्र जयसिंह बेनीवाल व सुशील शर्मा पुत्र पूर्व पार्षद देवेन्द्र शर्मा 19 जून 2015 को तहसील कार्यालय में केसीसी करवाने के बहाने ले गये व षड़यंत्र रचकर हमारे खेत की 02.09 बीघा जमीन का पंजिकरण बिना किसी प्रतिफल के डूंगरराम पुत्र मुकनाराम मेघवाल निवासी वार्ड नं. 29 तारानगर के नाम करवा दिया। वहीं इसी दिन 5 बीघा खेत का एक और बैयनामा बिना किसी प्रतिफल के करवा दिया। हमारी कुल 7 बीघा 9 बिस्वा भूमि धोखे से हड़प ली। चूंकी हम पंजाब रहते हैं। जब मैं अपने पति के साथ अपनी कृषि भूमि को सम्भालने के लिये तारानगर आई तो हमारी कृषि भूमि पर प्रेम बेनीवाल व सुशील शर्मा ने कब्जा कर रखा है। इस सम्बन्ध में हमसे बात करने के लिये प्रेम बेनीवाल व सुशील शर्मा ने हमें 10 नवम्बर को सुबह अपने घर बुलाया और मेरे को गालियां दी और चेतावनी भी दी कि तुम कहीं चले जाना हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मामले में पंजिकरण में करवाने में मुख्य भूमिका प्रेमकुमार बेनीवाल व सुशील शर्मा की बताई जा रही है इनके आलावा अन्य 5 लोगो की भुमिका साख व गवाई देने में बताई जा रही है ।पुलिस ने उक्त मामले की रिपोर्ट धारा 420, 406, 120बी, 351(2), 74, 3(5), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 3(1)(आर) में दर्ज कर जांच सीओ रोहित सांखला को सौंप दी ।

